# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाद्यालय कोटा

## मॉडल स्टेट राजस्थान के तहत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व फ्लैगशिप योजनाओं पर आयोजित प्रतियोगिताए पुरस्कार वितरण समोरह

दिनांक 26 दिसंबर 2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविध्यालय में राजस्थान मॉडल स्टेट के तहत, राजस्थान सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व फ्लैगशिप योजनाओं पर आयोजित निबंध, क्विज व वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संजय भार्गव द्वारा की गई उन्होंने बताया राज्य सरकार की योजनाएं समाज के प्रत्येक तबके के लिए हैँ यह योजनाए छात्राओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचे और हर वर्ग को इसका लाभ प्राप्त हो इसी उद्देश्य से यह प्रतियोगिताए रखी गई थी l

कार्यक्रम के मुख्य अथिति सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ रघुराज परिहार जी ने बताया राज्य सरकार की कुल 28 फ्लैगशिप योजनाएं है जिनमे चार विभागों की विभिन्न प्रमुख योजनाओं पर उन्होंने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर वरीष्ठ संकाय सदस्य डॉक्टर प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न छात्रहित योजनाओं जैसे राजीव गाँधी स्कालरशिप योजना, स्कूटी वितरण योजना, लैपटॉप वितरण योजना,मुख्यमंत्री अनुप्रती निशुल्क कोचिंग योजना आदि पर पर पावरपॉइंट प्रजेंटेशन द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम मे सभी संकाय सदस्य, छात्रसंघ अध्यक्ष व पदाधिकारी भी मौजूद रहे l कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता प्रभारी डॉ जागृति मीणा द्वारा व धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अनीता मालव द्वारा दिया गया।








### विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा

**नवज्योति/कोटा।** जेडीबी साइंस कॉलेज में सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा व फ्लैगशिप योजनाओं पर आयोजित निबंध, क्विज व वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता रहने पर दिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ संजय भार्गव, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ रघुराज परिहार, वरीष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने राजीव गांधी स्कालरशिप, स्कूटी वितरण, लैपटॉप वितरण, मुख्यमंत्री अनुप्रती निशुल्क कोचिंग योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डॉ जागृति मीणा, छात्रसंघ अध्यक्ष अंजली मीणा सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं।



### फ्लैगशिप योजना प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कार

**संदेश न्यूज। कोटा.** जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजस्थान मॉडल स्टेट के तहत राजस्थान सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व फ्लैगशिप योजनाओं पर आयोजित निबंध, क्विज व वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं समाज के प्रत्येक तबके के लिए है। मुख्य अथिति सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ. रघुराज परिहार ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर प्रकाश डाला है, जिनमें चार विभागों की विभिन्न प्रमुख योजनाओं पर उन्होंने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न छात्रहित योजनाओं जैसे राजीव गांधी स्कालरशिप योजना, स्कूटी वितरण योजना, लैपटॉप वितरण योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रती निशुल्क कोचिंग योजना आदि पर पर पावरपॉइंट प्रजेंटेशन द्वारा प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य, छात्रसंघ अध्यक्षव पदाधिकारी भी मौजूद रहे। संचालन प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. जागृति मीणा द्वारा व धन्यवाद अनीता मालव द्वारा दिया गया।

कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा
अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001
टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074
ई–मेल आईडी: jdbcollege@gmail.com वेबसाईट: http://www.hte.rajasthan.gov.in


क्रमांक:एफ.3( )संकाय / जादेब / 2022 / 8611 दिनांक: 26.12.2022

## मॉडल स्टेट राजस्थान, राजस्थान सरकार की फ्लेगशिप योजनान्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की रिपोर्ट (19.12.2022 से 24.12.2022)

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के पत्रांक एफ.7(4)विविध / अकाद / आकाशि / 2022 / पार्ट / 354 दिनांक 17.12.2022 की अनुपालना में, महाविद्यालय में दिनांक 19.12.2022 से 24.12.2022 तक मॉडल स्टेट राजस्थान, राजस्थान सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाऐं, राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं / महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से सम्बन्धित विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं कक्षावार आयोजित करवाई गई जिसकी रिपोर्ट निम्नानुसार प्रेषित है।

| क्र. सं. | प्रतियोगिता का नाम व दिनांक | छात्रा का नाम | पिता का नाम | कक्षा | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 19.12.2022 | सुश्री सोनू गोचर | श्री सीताराम गोचर | बी.एस.सी. पार्ट प्रथम (गणित) सेक्शन–जी | प्रथम स्थान |
| | | सुश्री निकहत अंसारी | श्री निजामउद्दीन अंसारी | बी.एस.सी. पार्ट प्रथम (बायो) सेक्शन–सी | द्वितीय स्थान |
| | | सुश्री दिव्या दाधीच | श्री मुकेश दाधीच | बी.एस.सी. पार्ट प्रथम (बायो) सेक्शन–बी | तृतीय स्थान |
| 2. | लिखित परीक्षा प्रतियोगिता 20.12.2022 | सुश्री सोनू गोचर | श्री सीताराम गोचर | बी.एस.सी. पार्ट प्रथम (गणित) सेक्शन–जी | प्रथम स्थान |
| | | सुश्री पूजा चौधरी | श्री पुखराज चौधरी | बी.एस.सी. पार्ट प्रथम (बायो) सेक्शन–सी | द्वितीय स्थान |
| | | सुश्री रेखा राठौड़ | श्री राधेश्याम राठौड़ | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (गणित) सेक्शन–एफ | तृतीय स्थान |
| 3. | आशुभाषण (1 मिनिट) प्रतियोगिता 21.12.2022 | सुश्री अमृता गौड | श्री राजकुमार गौड | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | प्रथम स्थान |
| | | सुश्री नन्दिनी शर्मा | श्री नन्दकिशोर शर्मा | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | द्वितीय स्थान |
| | | सुश्री स्नेहा गोयल | श्री राजेश गोयल | बी.एस.सी. पार्ट द्वितीय (बायो) | तृतीय स्थान |
| 4. | आशुभाषण (2 मिनिट) प्रतियोगिता 22.12.2022 | सुश्री सृष्टि वर्मा | श्री मुकेश वर्मा | एम.एस.सी. वनस्पतिशास्त्र उत्तरार्द्ध | प्रथम स्थान |
| | | सुश्री अजमत फातिमा | श्री शेख निजामुद्दीन | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | द्वितीय स्थान |
| | | सुश्री सुरभि टॉक | श्री राजेश टॉक | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | तृतीय स्थान |
| 5. | निबन्ध (200 शब्द) प्रतियोगिता 23.12.2022 | सुश्री सृष्टि वर्मा | श्री मुकेश वर्मा | एम.एस.सी. वनस्पतिशास्त्र उत्तरार्द्ध | प्रथम स्थान |
| | | सुश्री अमृता गौड | श्री राजकुमार गौड | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | द्वितीय स्थान |
| | | सुश्री नन्दिनी शर्मा | श्री नन्दकिशोर शर्मा | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | तृतीय स्थान |
| 6. | निबन्ध (500 शब्द) प्रतियोगिता 24.12.2022 | सुश्री स्नेहा गोयल | श्री राजेश गोयल | बी.एस.सी. पार्ट द्वितीय (बायो) | प्रथम स्थान |
| | | सुश्री अमृता गौड | श्री राजकुमार गौड | बी.एस.सी. पार्ट तृतीय (बायो) | द्वितीय स्थान |
| | | सुश्री अवि विजयवर्गीय | श्री महेश कुमार | बी.एस.सी. पार्ट प्रथम (बायो) | तृतीय स्थान |

26/12/2022
प्राचार्य
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय, कोटा

<u>**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**</u>

क्रमांकः एफ 7(4)विविध / अकाद / आकाशि / 2022 / पार्ट–354 दिनांकः 17 दिसम्बर, 2022

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः राज्य सरकार के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता कार्यक्रमों के संबंध में।

संदर्भः विभाग का समसंख्यक पत्रांक 728 दिनांक 12.12.2022

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र एवं आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर 2022 को शाम 5.00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से DRAC अध्यक्ष प्राचार्यगण को दिये गए दिशा निर्देशों के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त महाविद्यालयों में दिनांक 19 से 26 दिसम्बर 2022 तक **मॉडल स्टेट राजस्थान**, राजस्थान सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाऐं, राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं / महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से संबंधित विषयों पर महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी नियमित विद्यार्थियों के लिए निबन्ध, क्विज एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का व्यापक एवं वृहद स्तर पर आयोजन निम्न कार्यक्रमानुसार करवाया जाना है, जिनमें महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करवाई जानी है। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन दो चरणों में निम्न प्रारुप अनुसार करवाया जाना है–

**तिथिवार प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रारूप**

| क्र. सं. | दिनांक | प्रतियोगिताओं का नाम | प्रथम चरण के आयोजन का समय | प्रतियोगिता का प्रारूप एवं प्रतिभागी विद्यार्थी | द्वितीय चरण के आयोजन का समय | प्रतियोगिता का प्रारूप एवं प्रतिभागी विद्यार्थी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19.12. 2022 | प्रश्नोत्तरी | प्रातः 10—11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थियों में कक्षावार प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक ही समय में इस प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे वस्तुनिष्ठ / अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। कम से कम 50 सवाल विद्यार्थियों से पूछे जाए तथा कक्षावार किसी भी सवाल की पुनरावृत्ति न हो। | दोपहर 12—1 | प्रत्येक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य द्वितीय चरण में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का पुनः आयोजन करवाया जाएगा, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय चरण की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संचालन के लिए कम से कम तीन संकाय सदस्यों को नामित किया जाए। प्रथम चरण में पूछे गए सवालों की पुनरावृत्ति न की जाए तथा इस द्वितीय चरण में भी प्रश्नों का प्रकार वस्तुनिष्ठ ही हो। |
| 2 | 20.12. 2022 | लिखित परीक्षा | प्रातः 10—11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों में कक्षावार इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक ही समय में इस प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। राज्य सरकार की सभी योजनाओं को शामिल करते हुए लगभग 30 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाए। | दोपहर 12—1 | प्रत्येक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य द्वितीय चरण में लिखित परीक्षा का पुनः आयोजन करवाया जाएगा, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय चरण की लिखित परीक्षा के संचालन के लिए कम से कम तीन संकाय सदस्य या विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार संकाय सदस्य नामित करते हुए लिखित परीक्षा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | का संचालन करवाया जाए। प्रथम चरण में पूछे गए सवालों की पुनरावृत्ति न की जाए। |
| 3 | 21.12. 2022 | आशु भाषण प्रतियोगिता (निर्धारित समय एक मिनट) | प्रातः 10—11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थियों में कक्षावार इस आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक ही समय में इस प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। राज्य सरकार की सभी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्ची बनाई जाए। | दोपहर 12—1 | प्रत्येक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य द्वितीय चरण में आशुभाषण प्रतियोगिता का पुनः आयोजन करवाया जाए, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय चरण में विद्यार्थियों के लिए नए सिरे से पर्चियां बनाई जाए। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार संकाय सदस्य नामित करते हुए आशु भाषण प्रतियोगिता का संचालन करवाया जाए। |
| 4 | 22.12. 2022 | आशु भाषण प्रतियोगिता (निर्धारित समय दो मिनट) | प्रातः 10—11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थियों में कक्षावार इस आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक | दोपहर 12—1 | प्रत्येक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य द्वितीय चरण में आशुभाषण |
| | | | | ही समय में इस प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। राज्य सरकार की सभी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्ची बनाई जाए। | | प्रतियोगिता का पुनः आयोजन करवाया जाए, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय चरण में विद्यार्थियों के लिए नए सिरे से पर्चियां बनाई जाए। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार संकाय सदस्य नामित करते हुए आशु भाषण प्रतियोगिता का संचालन करवाया जाए। |
| 5 | 23.12. 2022 | निबंध प्रतियोगिता शब्द सीमा 200 न्यूनतम तीन योजनाओं का विवरण आवश्यक | प्रातः 10—11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थियों में कक्षावार इस निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक ही समय में इस प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। | दोपहर 12—1 | प्रत्येक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य द्वितीय चरण में निबंध प्रतियोगिता का पुनः आयोजन करवाया जाए, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार संकाय सदस्य नामित करते हुए निबंध प्रतियोगिता |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | का संचालन करवाया जाए। |
| 6. | 24.12. 2022 | प्रतियोगिता शब्द सीमा 500 न्यूनतम पांच योजनाओं का विवरण आवश्यक | प्रातः 10–11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थियों में कक्षावार इस निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक ही समय में इस प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। | दोपहर 12–1 | प्रत्येक कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य द्वितीय चरण में निबंध प्रतियोगिता का पुनः आयोजन करवाया जाए, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार संकाय सदस्य नामित करते हुए निबंध प्रतियोगिता का संचालन करवाया जाए। |
| 7. | 26.12. 2022 | पुरस्कार वितरण समारोह | प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम चरण में कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण तथा द्वितीय चरण में कक्षावार प्रथम तीन विजेताओं को स्थानीय संस्कृति के प्रतीक स्मृति चिन्ह् महाविद्यालय द्वारा दिये जायेगें तथा राज्य सरकार की योजानाओं पर कुछ संकाय सदस्यों द्वारा प्रकाश डाला जाए। इस पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। किसी भी प्रतियोगिता में विजेताओं के मध्य टाई होने की स्थिति में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाए। | | | |

**प्रतियोगिताओं की उपादेयता :–**

इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जाना अपेक्षित है। विद्यार्थियों के माध्यम से प्रदेश के जनसामान्य तक योजनाओं की जानकारी पहुचाई जा सकेगी जिससे अधिकतम लोग लाभान्वित हो सकेगें। उक्त प्रतियोगिताओं में सहभागिता विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु भी उपयोगी होगी।

**प्रतियोगिताओं की रिपोर्टिंग हेतु निर्देश :–**

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जावें। उक्त आयोजन की फोटो एवं विडियो आयुक्तालय स्तर पर बनाये गये विशेष व्हाट्सएप ग्रुप में प्रतिदिन प्रतियोगिताओं के आयोजन के तुरंत बाद प्रेषित करवाया जाना

सुनिश्चत करें साथ ही आयुक्तालय द्वारा जारी स्प्रैडशीट **Rajsthan Model State 2022** में चाही गई समस्त सूचनाएं प्रतिदिन प्रतियोगिता समापन के पश्चात अविलम्ब भरकर भिजवायें। **यह स्प्रैडशीट राजकीय महाविद्यालयों की सूचना भरने हेतु है।**

**प्रतिदिन शेयर किये जाने वाले फोटोग्राफ्स एवं वीडियोस के लिये ध्यान दें कि समस्त राजकीय महाविद्यालय अपने जिले से संबंधित DRAC व्हाट्सएप ग्रुप में फोटोस एवं वीडियो शेयर करेंगे। DRAC अध्यक्ष महाविद्यालय इन फोटोग्राफ्स एवं वीडियोस को आयुक्तालय स्तर पर बने विशेष व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे।**

**इसी प्रकार सभी निजी महाविद्यालय अपने गूगल ड्राइव में एक फोल्डर बना कर फोटोस और वीडियोस उसमे अपलोड करके फोल्डर का लिंक संयुक्त निदेशक (निजी संस्थाएं) की ईमेल आईडी jdpi.cce@gmail.com पर प्रतिदिन प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या सहित शेयर करेंगे।**

**सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि –**

1. प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित समस्त व्यय विकास समिति या छात्रनिधि कोष से किया जाना है, जिसकी अनुमति प्रदान की जाती है।
2. अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु सोशल मीडिया, व्हाट्सएप्प ग्रुप्स, समाचार पत्र तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रेषित कर विद्यार्थियों तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
3. सभी प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर सभी संकाय सदस्यों को नामित करते हुए इन प्रतियोगिताओं का सफल संचालन करवाना सुनिश्चित करें।

इस संबंध में आवश्यक जानकारी हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निम्न अधिकारियों से संम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ ललिता यादव | प्रभारी नवाचार प्रकोष्ठ | 9529993619 |
| डॉ संदीप मीना | प्रभारी आई.टी शाखा | 9829066259 |

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांकः एफ7(4)विविध/अकाद/आकाशि/2022/पार्ट–354 दिनांकः 17-दिसम्बर, 2022
प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, जयपुर.।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर.।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक निजी संस्थाएं, आकशि को निर्देशानुसार लेख है कि वे निजी संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन आयोजन की प्रेषित की जाने वाली वीडियो एवं फोटोग्राफ्स की मॉनिटरिंग करें। इसके लिये उचित निर्देश अपने स्तर से जारी करावें।
6. बेवप्रभारी आयुक्तालय को अपलोड करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक
अकादमिक, कॉलेज शिक्षा

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.13 14:05:39 +05'30'